# धूमधाम से मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की हुई पूजा-अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्टेशन रोड के दैनिक बाजार प्रांगण में गुरुवार को दीपावली के मौके पर धन की देवी माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की मूर्तियां स्थापित कर उनकी धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। संध्या समय पर अनुष्ठान और मंत्रोच्चारण से संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भावना की बयार बहती रही।श्रद्धालुओं की आस्था से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इसे लेकर बाजार प्रांगण में जलाए गए दीये और इलेक्ट्रॉनिक लड़ियों की जगमग रोशनी की आकर्षक और मनमोहक छटा देखते ही बन रही थी। व्यावसियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रसिद्ध कपड़ा व्यावसायी अशोक लाल अग्रवाल के अलावा विश्वनाथ गोस्वामी, नारायण साव, कन्हाई राम, जगत लाल, मथुरा गुप्ता, शंकर गुप्ता, रविनंदन साव, महेंद्र साव, अनुप कुमार, गौरीशंकर सिंह और रामजी चौरसिया सहित तमाम व्यावसियों का योगदान बताया गया।





## लक्ष्मी गणेश प्रतिमाओं के पट खुलते ही उमड़े श्रद्धालु

**हरिहरगंज** शहर के मेन बाजार अररुआ खुर्द शिवमंदिर के प्रांगण में नवयुवक समिति द्वारा लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह बसपा के प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता को नवयुवक समिति के सदस्यों ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने लक्ष्मी मां की प्रतिमा के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और शहर वासियों को दीपावली की शुभकामना दी। पूजा को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष सनी कुमार, सचिव कन्हैया कुमार, कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता, सदस्य छोटू शौंडीक ,गौतम कुमार, सांस्कृतिक मंत्री राजू साव का सराहनीय योगदान रहा. इस अवसर पर लक्ष्मी विश्वकर्मा, बसपा नेता राजकुमार गौतम, इरफान शाहिद, सोनू जायसवाल, महताब साहिल, मनोज गुप्ता, अनिल जायसवाल, संदीप गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, जयपाल चौधरी, चंद्रशेखर कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दीपावली पर्व धूमधाम से संपन्न

**पांकी** प्रखंड में दीपावली का महापर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। रातभर रंग-बिरंगी लाईटों और दीपों से पांकी प्रखंड जगमगाता रहा। लोग घरों में रंगोली बनाकर लक्ष्मी व गणेश की पूजा किए। लोग अपने-अपने घरों में विभिन्न रंगों से रंगोली बनाकर घर में लक्ष्मी, सुख, शांति व समृद्धि, खुशहाली की कामना की। हिन्दू समुदाय के लोग भगवान गणेश व देवी लक्ष्मी की मूर्ति अपने घरों में स्थापित कर उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान लोग देर रात तक जमकर आतिशबाजी करते रहे।

## न्यूज बॉक्स

### निर्दलीय प्रत्याशी ने मांगा समर्थन

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद हरिहरगंज 79 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सभी दलीय व निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन हो गया। जिसके बाद शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने होटल रिद्धि सिद्धि में अपने समर्थकों के साथ बैठक कर लोगों को अंगूठी छाप पर बटन दबाने की अपील की। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं दे। सबको विनोद बन कर चुनाव में लड़ना होगा, और लोगों से अपने भरोसा पर समर्थन मांगते हुए बूथ जीतो अभियान के तहत कार्य को करना है। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, राजेश कर्ण, संजय मेहता, नागेन्द्र उपाध्याय, मनदीप राम, शिवलाल राम,बीरेंद्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, तृप्ति सिंह, संगीता देवी,दसरथ यादव,राकेश यादव, कमलेश मेहता, शशि विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### भाजपा चुनाव कार्यालय का उदघाटन

**हैदरनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान में गति लाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से हुसैनाबाद व हैदरनगर में चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया गया है। शुक्रवार को तिवारी कॉम्पलेक्स हैदरनगर में पार्टी नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्रवेश सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनू सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिनोद पांडेय व उमेश चंद्र शिव, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने संयुक्त रुप से पूजा अर्चना की। इसके बाद फीता काटकर इस कार्यालय को मंडल कार्यकताओं को सौंपा गया। साथ ही देश, राज्य, पार्टी व संगठन हित में प्रचार प्रसार अभियान में गति लाने की अपील की कार्यकताओं से की गई। मौके पर बिमलेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जयप्रकाश नारायण सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह, सज्जू खान, अनूप कुमार सिंह, रतन लाल, संजय सिंह, अनिल सिंह, बबन सोनी, शंकर ठाकुर, सुधीर कुमार सिंह, राजू कुमार, श्याम बिहारी मेहता, भोला सिंह, अंकू सिंह राणा, छोटू सिंह, सरयू प्रसाद गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### लक्ष्मी पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**विश्रामपुर।** लक्ष्मी पूजा के अवसर पर विश्रामपुर क्षेत्र के कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के गुआसराई,बघमान्वा,ब्रह्मोरिया व लकड़ही गांव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में ओबीसी एकता अधिकार मंच से केंद्रीय अध्यक्ष सह विस प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद, उनकी पत्नी रजनी देवी शामिल हुईं। पहले उन्होंने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बीडी प्रसाद ने कहा कि विश्रामपुर में नया सवेरा होने वाला है। जनता के आशीर्वाद से राजनीतिक परिवर्तन होने वाला है। मौके पर काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

### राजद के दर्जनों कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल

**विश्रामपुर।** समाजवादी पार्टी के विश्रामपुर कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह आयोजन किया गया। समारोह में राजद के दर्जनों लोग सपा में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा ने की। संचालन निवर्तमान पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी ने किया। राजद से आए सभी लोगों को सपा नेता अभिमन्यु सिंह ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। शामिल होने वालों में मो.शमीम अहमद अंसारी,उज्वल यादव,रिंकू सिंह,राकेश कुमार विश्वकर्मा, मैनुद्दीन अंसारी,मजहर अली,जैनुल अंसारी,असगर अंसारी,सफी उल्लाह अंसारी,रंजन कुमार सिंह,रोहित सिंह,सिराज अंसारी,अभय सिंह,मन्नू सिंह,मनीष कुमार,संतोष कुमार,प्रिंस कुमार,दीपक कुमार,रंजित कुमार,चंदन कुमार,मुमताज अंसारी आदि का नाम प्रमुख हैं। मौके पर वरीय सपा नेता नईमुदीन अंसारी,प्रवीन सिंह,सतेंद्र पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी ने विकास के नाम पर मांगा समर्थन

**विश्रामपुर।** मझिआंव विधानसभा क्षेत्र की निर्दलीय प्रत्यशी जागृति दुबे के पक्ष में शुक्रवार को झारखंड युवा विकास पार्टी प्रमुख विकास दुबे ने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से विकास के नाम पर समर्थन मांगा। मौके पर मुखिया रोहित तिवारी,रवि शंकर चौबे,सोनू पांडेय, प्रियव्रत सिंह,पप्पू दुबे, विष्णु शुक्ला,निजाम खान सहित कई लोग मौजूद थे।

### नाला में गिरने से अधेड़ की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के गिद्दी उर्फ चिरैली गांव के निकट गुरुवार की रात्रि एक अधेड़ व्यक्ति की नाले में गिरने से मौत हो गयी। मृतक कि पहचान स्व. गनौरी यादव के 48 वर्षीय पुत्र बद्री यादव के रूप में हुई है। घटना की पुष्टि हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने की है।

### 25 सौ लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**हुसैनाबाद।** थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सघन छापेमारी की गई। उस दौरान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हीरा सिकनी, घाघरा में प्लास्टिक में जमीन में गड्ढा खोद कर रखा करीब 35 सौ लीटर जावा महुआ व करीब 60 लीटर महुआ शराब, शराब भट्ठी को उसी स्थान पर नष्ट किया गया।

## एक नजर

### आगजनी में लाखों की संपत्ति खाक

**हैदरनगर।** दीपावली पर्व पर गुरुवार की रात परीक्षा मेहता के घर में कैंडल जलाने के क्रम में आसपास के सामानों में आगकी लपट पकड़ ली। इससे घर में रखा खाद्य सामग्री, बर्तन, बिस्तर, वस्त्र सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी गृहस्वामी ने बताया कि उनका बड़ा पुत्र दीपोत्सव को लेकर घर के बाहर आतिशबाजी करने के बाद घर के कई हिस्सों में कैंडल जलाने का काम कर रहा था। इस दौरान घर में रखे कुछ कपड़ों के हिस्सों में इसकी चिनगारी गिर गई। जिससे देखते ही देखते कमरों के अन्य हिस्सों में रखे सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपये के सामान बर्बाद होने का अनुमान बताया जाता है। साथ ही पूरा परिवार आर्थिक तंगी से मायूस है।

# ऑब्जर्वर ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त बनाने और शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न कराने के उद्देश्य से ऑब्जर्वर टीएन शिब्बू ने हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड में बने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया और रजिस्टर की जांच की। चेक पोस्ट की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण कर कई निर्देश भी दिया। मौके पर हरिहरगंज बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# यात्री ट्रेन टाइम पर मालगाड़ी खड़ी कर देने से यात्रियों को उठानी पड़ती है जोखिम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पूर्व मध्य रेलवे के डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड रेलखंड में थर्ड लाइन विस्तारीकरण के साथ ही आधुनिक स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म निर्माण व अन्य यात्री सुविधाएं दी जा रही है। मगर रेल पटरियों को आर-पार करने मामले में सुविधा उपलब्ध कराने में उदासीन रवैया अपनाया गया है। स्टेशनों के बीच व आसपास घनी आबादी वाले गांवों के ग्रामीणों के लिए अबतक अंडरपास भी नहीं दिया गया। ऐसी स्थिति में ग्रामीण इस मामले में उपेक्षा से मायूस और आक्रोशित भी बताए जाते हैं। बेगमपुरा गांव के लोगों ने तो उनके गांव के लिए अंडरपास नहीं बनाने पर विस चुनाव में वोट बहिष्कार का भी ऐलान कर दिया है। वहीं, कोसीआरा स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी अधर में लटक गया है। इससे यात्रियों को जान जोखिम में डालकर यात्री ट्रेन चढ़ने के लिए रेलपटरी को पार करने की परेशानी से छुटकारा नहीं मिल पाया है। खासकर, तब और जोखिम बढ़ जाती है, जब यात्री ट्रेन टाइम पर ही दूसरी रेल पटरियों पर



मालगाड़ी खड़ी कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में शुक्रवार को भी ऐसा नजारा देखने को मिला। बताया गया कि पश्चिम दिशा में अंतिम रेल पटरी पर 5 दिनों से बीएफआर की पूरी रैक ही खड़ी कर दी गई है। तस्वीरों में यात्री ट्रेन से उतरे यात्रियों को मालगाड़ी के नीचे और उपर से बाहर निकलने के लिए जोखिम उठाते देखा जा सकता है। युवा समाजसेवी शुभम कुमार सिंह ने इससे संबधित फोटो शेयर करते हुए बताया कि रेलपटरी पार करने में जोखिम उठाने में परेशानी तब और होती है, जब यात्री ट्रेन के समय ही घंटों तक मालगाड़ी खड़ी कर रखा जाता है। उन्होंने बताया कि इस जोखिम उठाने की परेशानी से निजात दिलाने के लिए 1 साल से अधिक समय से बन रहे फुट ओवरब्रिज का निर्माण अबतक पूरा नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि अक्सर यात्री ट्रेन के टाइम पर ही मालगाड़ी खड़ी करने को लेकर स्थानीय स्टेशन प्रबंधक से आपत्ति जताई जाती है, तो वह अपने को इस मामले में किंकर्तव्यविमूढ़ बताते हैं। ऐसे में आसपास के दर्जनाधिक गांव के लोग, जिनके लिए इसी स्टेशन से रेल सुविधा उपलब्ध है, उनको जान जोखिम में उठाने के लिए विवश होना पड़ता है। उन्होंने फुट ओवरब्रिज का निर्माण यथाशीघ्र पूरा करने के साथ ही यात्री ट्रेन टाइम में दुसरी पटरियों पर मालगाड़ी खड़ी करने की स्थिति से निजात दिलाने की मांग रेल उच्चाधिकारियों से की है।

# लक्ष्मी पूजा पर नव युवक संघ ने लोगों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 10 के मधुरीडीह-तेनवाही गांव में लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। लक्ष्मी पूजा का आयोजन मधुरीडीह नव युवक संघ द्वारा किया गया था। शुक्रवार को मूर्ति विषर्जन के मौके पर कमेटी द्वारा कई स्थानीय गण्यमान लोगो को माला पहनाकर व पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष ईश्वर यादव व संचालन कुलदीप यादव ने किया। सम्मानित होने वालों में मुख्य अतिथि भाजपा भाजपा विधानसभा विस्तारक रतन तिवारी,भाजपा नेता पंकज कुमार लाल,विकास कुमार,सुदामा यादव,मीरा देवी सहित कई लोगो का नाम शामिल है। मौके पर बालेश्वर यादव, जितेंद्र यादव, कुंदन यादव,दीपक यादव,सोनू यादव, रंजन यादव, जयप्रकाश, विंदेश्वर यादव, रामशंकर यादव, उदेश्वर यादव, मदन कुमार, बबलू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### धार्मिक आयोजन से मिलता है सुकून : राजीव

**हरिहरगंज** शहर के मेन बाजार कांजी हाउस के पास सुपर स्टार क्लब द्वारा बनाए गए भव्य पूजा पंडाल में बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी राजीव रंजन ने स्थापित मां लक्ष्मी, भगवान गणेश के आगे माथा टेका क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी। कहा कि धार्मिक आयोजन मन को शांति प्रदान करते हैं। व्यवस्थापक कृष्ण कुमार क्रांतिकारी ने कहा कि वर्षो से लक्ष्मी पूजा महोत्सव का आयोजन होते आ रहा है। मौके पर समाज सेवी जानू चौधरी, क्लब के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उप कोषाध्यक्ष प सचिन कुमार व रौशन, उपसचिव सोनू कुमार, छोटू कुमार, उपकोषाध्यक्ष हरिओम कुमार राजू गुप्ता, शशी कुमार, छोटू गोस्वामी, पंकज साव, राकेश, निखिल, विवेक, अंकित, अमन, दिनेश पासवान, विजय प्रजापति, कृष्णा साव, कन्हाई विश्वकर्मा, रंजन पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# दीपावाली व छठ को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में हुसैनाबाद थाना पुलिस एवं एसएसबी के जवानों के संयुक्त रूप से दीपावाली एवं छठ महापर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्ग हुसैनाबाद थाना परिसर से शुरू होकर पटेल चौक,मधुशाला होते हरिहर चौक, जेपी चौक, गांधी चौक नहर मोड़ सहित पूरे हुसैनाबाद शहर में फ्लैग मार्च निकाल कर विधि व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, एस आई अनंत सिंह, एएसआई रामपुकार सिंह,एवं एसएस बी के जवान तथा भारी संख्या में स्थानीय पुलिस मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**विश्रामपुर।** निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और विकास के नाम पर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान कई बसपा कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। सभी को पूर्व मंत्री ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया ।मौके पर भाजपा नेता डॉ.वीपी शुक्ला,शिवबंश मिश्रा,मुखिया धर्मेंद्र चौधरी,अमरेश तिवारी,उपेंद्र तिवारी,धीरन तिवारी,संजय तिवारी,विकास चौबे,मनोज शुक्ला,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,प्रमोद दीक्षित,आलोक सिंह, रितिक कुमार पासवान,छोटन दास,रवि सिंह,सुरेश दास,रौशन कुमार,अरुण सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## कार्यक्रम

### पटेल की जयंती पर विधायक ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया

# सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्श आज भी प्रासंगिक: कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्वतंत्रता सेनानी व भारत के प्रथम उप प्रधान मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर भाजपा नेता सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल महान स्वतंत्रता सेनानी थे। आजादी के बाद वह पहले उप प्रधानमंत्री बने। सरदार पटेल के आदर्शो पर चलकर बेहतर भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भारत के एकीकरण में वल्लभ भाई



पटेल ने अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। उनके योगदान और दृढ़ संकल्प को देखते हुए उन्हें लौह पुरूष का खिताब मिला। भारत सरकार ने 2018 में गुजरात में विश्व की सबसे उंची मूर्ति के तौर पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी वल्लभ भाई पटेल को समर्पित की है। सरदार बल्लभ भाई पटेल को सम्पूर्ण संसार प्रेम पूर्वक सरदार पटेल के नाम से जानता है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के ऐसे अग्रणी महानायक थे, जिनकी दूरदर्शिता, सूझबूझ, राजनैतिक कुशलता एवं सामाजिक समरता स्थापित करने की रणनीति संसार को कायल बनाती थी।भारतीय इतिहास के सुनहरे पन्ने पलटने से ज्ञात होता है कि ऐसे व्यक्तित्व के धनी महापुरुष सदियों में बमुश्किल जन्म लेते हैं। हम भारतीयों के लिए अत्यंत गौरवान्वित करने की बात है कि इनका जन्म भारत भूमि में हुआ है। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 4 डिटॉक्स ड्रिंक सेहत के लिए हैं फायदेमंद
# प्रदूषण का नहीं पड़ेगा फर्क, फेफड़े रहेंगे हेल्दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कई राज्यों की हवा जहरीली हो गई है। दिवाली आते-आते पूरे देशभर की हवा प्रदूषित हो जाती है। प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर हमारे फेफड़ों पर पड़ता है। फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए आप अपनी आदत में डिटॉक्स ड्रिंक को शामिल कर सकते हैं। डिटॉक्स ड्रिंक से कई तरह के फायदे हैं, यह आपके शरीर की जमी गंदगी को बाहर निकाल देता है। अगर आप भी जहरीली हवा में सांस लेते हैं तो आपको अपने रूटीन को भी बदलना होगा, ताकि एयर पॉल्यूशन से लड़ सकें।

अदरक और नींबू की डिटॉक्स **चाय :** अदरक और नींबू की चाय भी आपके बॉडी को डिटॉक्स कर सकती है। इसे बनाने के लिए अदरक, गरम पानी, लेमन जूस और शहद को लें। कटे हुए अदरक को ग्लास में डालें और उसमें गरम पानी मिक्स कर दें। थोड़ी देर के लिए उसे ऐसे ही छोड़ दें और उसमें बाद में शहद और नींबू डाल दें।

**ग्रीन स्मूदी :** यह पालक और केले से बनती है। इसे बनाने के लिए आप पालक को लें और 1 केला लें। इसमें 1 स्कूप स्पिरुलिना और बादाम का दूध डालें। सभी को शेक कर दें।

**गोल्डन मिल्क :** प्रदूषण से होने वाली हेल्थ समस्याओं को दूर करने के लिए आप गोल्डन मिल्क का सेवन कर सकते हैं। यह बनाने में भी काफी आसान है। हल्दी पाउडर, ब्लैक पेपर, शहद और नारियल दूध से आप गोल्डन मिल्क बना सकते हैं. हल्दी एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। **बीटरूट का जूस :** बहुत लोगों को बीटरूट यानी चुकंदर खाना पसंद नहीं होता, हालांकि यह खाने में काफी फायदेमंद होता है। यह खून को बढ़ाने में और उसे साफ करने में मददगार है। अगर यह टेस्ट में अच्छा नहीं है तो आप इसका जूस सेब के साथ मिलाकर बना सकते हैं। कटे हुए चुकंदर में सेब का स्लाइस डालें और उसका जूस निकाल लें. टेस्ट को और बढ़ाने के लिए आप उसमें नींबू को निचोड़कर डाल सकते हैं।

**इस संबंध में डॉ. राजेश गुप्ता** ने बताया कि हमें त्योहार और खासकर दीपावली के बाद स्वास्थ्य का काफी ध्यान रखना चाहिए। ऊपर बताये गए उपायों का प्रयोग करके आप दीपावली पर भी वायु प्रदूषण से काफी हद तक निजात पा सकते है।

## एक नजर

### युवक का शव कुआं से बरामद

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के खुरी गांव से चिनियां पुलिस ने एक 45 वर्षीय युवक का शव कुआं से बरामद किया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान खुरी गांव निवासी प्रदीप भुइयां पिता स्वर्गीय सूर्यदेव भुइयां के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रदीप भुइयां एक दिन पहले से ही घर से गायब था। परिवार वालों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार को ग्रामीणों ने शव को कुआं में देखा, तब जाकर उन लोगों कों जानकारी मिली। सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 45 वर्षीय युवक का शव कुआं से बरामद होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों से भी की जा रही है। घटना के पीछे स्पष्ट कारण का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के असली कारण का पता चल पायेगा।

# प्रखंड क्षेत्र में दीपोत्सव पर्व का उल्लास





**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों में माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। दिन भर लोग अपने घरों और दुकानों को सजाने में व्यस्त रहें। शाम होते ही पूरा प्रखंड क्षेत्र रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। बच्चों ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई और रंगोली बनाकर पर्व की शोभा बढ़ाई। इस दौरान मोबाइल और व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे को दीपावली की बधाई भी दी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी के नेतृत्व में विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया। कई श्रद्धालुओं ने देवी मंदिर में दीप जलाए। प्रखंड के गांवों में नाट्य कला, भक्ति जागरण, आर्केस्ट्रा जैसे कार्यक्रमों में लोग झूमते नजर आए।

### धूमधाम से मना दीपों का त्योहार दीपावली

**डंडई** प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ दीपों का पर्व दीपावली मनाया गया। उक्त अवसर पर रंग-बिरंग के डिजाइनों में अपने-अपने घरों की पुताई कर लोगों द्वारा माता लक्ष्मी की पूजा की गई। डंडई के अंबेडकर चौक, कुशवाहा टोला, आंकडी टोला, भुइयां टोला पर भी मां लक्ष्मी की प्रतिमा रख ग्रामीणों ने विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की। गांव के कई सामाजिक संस्था की ओर से ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए उक्त स्थल पर प्रोजेक्टर के माध्यम रामायण व महाभारत का सीरियल भी दिखाया गया। पर्व को लेकर खासकर युवक वह युवतियों के बीच काफी उमंग और उत्साह देखा गया। उनके द्वारा जहां विद्यालय में रंग बिरंग की डिजाइनों में रंगोली बनाया गया, वहीं अपने-अपने घरों पर भी उनके द्वारा डिजाइन में रंगोली का बनाया गया। डंडई के आरजीएसएम पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगी आकार में कई रंगोलिया बनाया।

### दीपावली पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास के साथ मना

**चिनियां** प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ दीपो का पर्व दीपावली मनाया गया। इस अवसर पर लोग एक महीने पहले से ही अपने घर सहित प्रतिष्ठान को साफ-सफाई कर सजाने का कार्य प्रखंड क्षेत्र में शुरू कर दिए थे। प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा रख ग्रामीणों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। भक्ति जागरण का भी कई जगहों पर आयोजन किया गया था। इस अवसर पर चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर को सजाया गया था। पर्व को लेकर खासकर युवक व युवतियों के बीच काफी उमंग और उत्साह देखा गया। युवतियों द्वारा अपने घरों मे बढ़-चढ़कर के डिजाइन में रंगोली का निर्माण किया गया। बनाए गए रंगोली आकर्षण का केंद्र रहा। लोग अपने घरों को दीयों व जगमग रोशनी से सजाया। दीपावली की देर शाम तक मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हुए लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

## विधानसभा चुनाव 2024: माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण, निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने पर जोर




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए गढ़वा के नए समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को माइक्रो ऑब्जर्वर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त, 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, और 80-गढ़वा के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों की टीम ने माइक्रो ऑब्जर्वर्स को उनके कार्य, दायित्व एवं कर्तव्यों के साथ-साथ मॉक पोल और मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर्स को मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान तक की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें ईवीएम कंट्रोल यूनिट की सीलिंग पर नजर रखने और दिनभर की गतिविधियों को प्रपत्रों में संधारित करने के निर्देश दिए गए। माइक्रो ऑब्जर्वर्स को बताया गया कि मतदान शुरू होने से कम से कम 90 मिनट पहले मतदान केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्हें मतदान के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच करने तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गढ़वा के सामान्य प्रेक्षक सारांश मित्तर और भवनाथपुर के सामान्य प्रेक्षक रितेन्द्र नारायण बसु राय चौधरी ने माइक्रो ऑब्जर्वर्स से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने दोनों विधानसभा क्षेत्रों के माइक्रो ऑब्जर्वर्स को चुनाव के लिए पूरी तत्परता से तैयार रहने का निर्देश देते हुए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### रोशनी से जगमग हुआ प्रखंड क्षेत्र

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। घरों तथा वाहन आदि की साफ सफाई के बाद शाम को पूजा अर्चना के बाद दीप जलाकर दीपावली मनाया गया। पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमग हुआ था। लोगों ने अपने घरों में रंगोली बनाकर एवं दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने केले का थंब, गेंदा फूल के अलावा रंग-विरंगे झालरों से दुल्हन की तरफ सजाया गया। सुबह से ही दुकानों पर मिठाइयों की जमकर खरीदारी की गई। बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही। प्रखंड मुख्यालय सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। शुक्रवार की शाम में गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकलकर प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर जिला प्रशासन गढ़वा द्वारा समाहरणालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज, और अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शपथ लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, शांति और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वतंत्रता के बाद 600 से अधिक रियासतों को भारत में सम्मिलित करने के उनके ऐतिहासिक कार्य को उनकी दृढ़ता और बुद्धिमत्ता के कारण ही सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस असाधारण उपलब्धि के कारण ही उन्हें लौहपुरुष के रूप में जाना जाता है। सरदार पटेल की दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता, विनम्रता, व्यवहारिकता और कुशलता आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वक्ताओं ने कहा देश तभी बनेगा महान, जब एकता बनेगी हमारी पहचान, अनेकता में एकता यही भारत की विशेषता, एकता में जो बल है, वह सबसे प्रबल है। इस भावना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव के नारायण वन में शुक्रवार को छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंदिर विकास समिति, मंदिर अनुशासन समिति, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि छठ पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिये प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को देखते हुए छठ पूजा के दिन मंदिर परिसर में किसी भी राजनीतिक दल का बैनर पोस्टर नहीं लगेगा। यह आचार संहिता के दायरे में आ आता है। उन्होंने कहा की सोशल मीडिया पर भड़काउ वीडियो शेयर नहीं करें और किसी भी तरह के अफवाहों से बचें। बीडीओ ने कहा कि छठ पूजा के दिन मंदिर परिसर में पेयजल, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मेडिकल टीम पूरी रात रहेगी। उन्होंने कहा की नारायण वन के लिए मजिस्ट्रेट कि अलग से प्रतिनियुक्ति किया जायेगा। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि छठ पूजा के दिन शांति व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था बनायें रखने के लिए पुलिस व महिला पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने मंदिर कमेटी को वॉलेंटियर के लिए आइकार्ड बनवाने को कहा, ताकि छठ पूजा के दिन उनसे सहयोग लिया जा सके। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, रेंजर प्रमोद कुमार, अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह, राम बिचार साहू, अजय वर्मा, अरूण सिंह, बबलू सिंह, पंकज सिंह, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, कन्हाई प्रसाद, कामेश्वर सिंह, त्रिपुरारी सिंह, विकर्मा सिंह, बुद्धि नारायण साह, अजय सिंह, विश्वनाथ साह, ब्रह्मदेव गुप्ता, अरबिंद वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, अशर्फी मेहता, चंदन प्रसाद, रिशु सिंह, बबलू चौबे, हकीमुद्दीन अंसारी, सुरेन्द्र ठाकुर, फरहरी साह सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## गढ़वा विस क्षेत्र: चुनाव प्रेक्षकों ने उम्मीदवारों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के साथ चुनाव आयोग के सामान्य प्रेक्षक सारांश मित्तर, पुलिस प्रेक्षक सुलेमान चौधरी, और व्यय प्रेक्षक दिनेश गुप्ता ने सामूहिक बैठक की। इस बैठक का संचालन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। जिला समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उम्मीदवारों और उनके चुनाव अभिकताओं ने प्रेक्षकों के समक्ष अपनी-अपनी बात रखी। सामान्य प्रेक्षक सारांश मित्तर ने सभी उम्मीदवारों से अपील की कि वे स्वस्थ लोकतंत्र की परंपराओं का पालन करते हुए भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में मतदाताओं को निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान का अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग की




गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करेंगे, और प्रत्याशियों से आदर्श आचार संहिता का सम्मान करने का आग्रह किया। साथ ही, विभिन्न अनुमतियों के लिए सभी उम्मीदवारों से ईसीआई के सुविधा ऐप का उपयोग करने का सुझाव दिया और 5 नवंबर से ईवीएम की कमीशनिंग के दौरान उपस्थित रहने की अपील की। पुलिस प्रेक्षक सुलेमान चौधरी ने कहा कि पर्याप्त संख्या में सीएपीएफ और पुलिस बल की तैनाती की जा रही है ताकि मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व डराने-धमकाने का प्रयास करे, तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। व्यय प्रेक्षक दिनेश गुप्ता ने उम्मीदवारों से चुनाव खर्च के संधारण के लिए दिए गए रजिस्टर में प्रतिदिन का खर्च दर्ज करने को कहा और यथासंभव डिजिटल भुगतान के उपयोग का सुझाव दिया।

**जागरूकता**

## आदिम जनजाति के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न जानकारियों से कराया गया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** निर्वाचन के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गढ़वा जिले के विभिन्न आदिम जनजाति क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदिम जनजाति से गढ़वा जिला के जिला आईकॉन हीरामन कोरवा ने आदिम जनजाति के मतदाताओं को 13 नवंबर 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित पी.वी.टी.जी. (आदिम जनजाति) मतदाताओं से नैतिक मतदान और मतदाता जागरूकता विषय पर विशेष रूप से संवाद किया गया। मतदान क्यों जरूरी है, इस पर चर्चा की गई। मतदान प्रक्रिया की जानकारी और जन जागरूकता के लिए मतदाताओं के बीच पोस्टर, पम्पलेट्स आदि का वितरण किया गया। सभी ने बढ़-चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में बताया गया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। अतः सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में ईवीएम और वीवी पैट के बारे में भी जानकारी दी गई। उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बिना, बिना भय या दबाव के नैतिक रूप से मतदान कर अपने देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं। सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न ऐप्स के बारे में भी जानकारी दी गई, जो निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने में सहायक हैं। सी-विजिल ऐप और सक्षम ऐप के बारे में जानकारी दी गई। एक अन्य ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, मतदाताओं को मतदान सूची में अपना क्रम संख्या देखने में सहायक है, जिससे उन्हें लंबी लाइन में खड़े होकर मतदाता सूची में अपना नाम और क्रम खोजने में आसानी होगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अवश्य हिस्सा लेने और नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### कई लोग झामुमो में हुए शामिल



**खरौंधी।** झामुमो के जिला सचिव सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान के नेतृत्व में गुरुवार को राजी पंचायत में भाजपा और अन्य दलों के समर्थकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। धर्मराज पासवान ने सभी नए सदस्यों का पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इन समर्थकों ने झामुमो के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और झामुमो प्रत्याशी अंनत प्रताप देव पर विश्वास जताया। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### चौरिया में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती

**खरौंधी।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती गुरुवार को प्रखंड के चौरिया गांव में मनाई गई। इस अवसर पर गांव में स्थित वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माला व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमत अर्तित कर उनके बतायए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। चौरिया बाजार में आयोजित सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीआईजी संजय रंजन सिंह ने गोरखनाथ चौधरी के प्रयासों की सराहना की। कहा कि इस तरह का आयोजन समाज को एकजुट और प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. निशांत कुमार ने सरदार पटेल ने कहा कि देश की आजादी और रियासतों के एकीकरण में उनकी भूमिका अमूल्य है। कुरमी महासभा के जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए समाज में एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। इस आयोजन में प्रमुख अतिथियों के साथ विधायक प्रतिनिधि विनोद चौधरी, मुखिया प्रमोद राम,अरंगी पंचायत जे पूर्व मुखिया शिवकुमार प्रसाद यादव सहित समाज के कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अन्य दल के लोग भाजपा में हुए शामिल

**खरौंधी।** भाजपा कार्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। मौके पर बसंत कुमार यादव, रामकृपाल द्विवेदी, राजेश कुमार रजक, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास ने कहा कि विधायक भानू प्रताप शाही ने क्षेत्र का संपूर्ण विकास किया है। उनके द्वारा अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में आए सभी साथियों का स्वागत किया गया। रामकृपाल द्विवेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि विधायक भानू प्रताप शाही इस बार भारी मतों से विजयी होंगे। राजेश कुमार रजक ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और झामुमो की हेमंत सरकार का पतन होगा। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने कहा कि खरौंधी प्रखंड के सभी 48 बूथों पर भाजपा की मजबूती कायम रहेगी। विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास ने हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी द्वारा भाजपा नेता सीता सोरेन पर की गई टिप्पणी की निंदा की। मौके पर राजा सिंह, विनोद सिंह, जितेंद्र यादव, विवेकानंद यादव, सुशील यादव, बुद्धनाथ गुप्ता, कलामुद्दीन अंसारी, दिनेश कुमार सिंह, अमित जायसवाल, अमित रंजन, धर्मेंद्र पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व मुखिया भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेन्द्र यादव शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। नगर उंटारी गढ़ में पूर्व विधायक सह झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। पूर्व मुखिया सुरेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्यों के कार्यो से प्रभावित हो कर वह झामुमो में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा की पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव को इस बार विधायक बनाने के लिए जनता तैयार है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास झामुमो से ही सम्भव है। पार्टी में शामिल होने वालो में बंशीधर साह, संतोष साह, चंद्रशेखर साह, उपेन्द्र पासवान, राजकुमार यादव, सुनील यादव, अरूण कुमार यादव, कामेश्वर यादव, विशाल कुमार,बिपत यादव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### महापुरुषों के आर्दशों को अपनाने की जरूरत: बीडीओ

**केतार।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। केतार प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकता, अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा बनाये रखने की शपथ ली। अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने सभी कर्मियों को शपथ दिलाई। इससे पूर्व सरदार वल्लभ की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि देश के महापुरुषों के आर्दशों को अपनाने की जरूरत है। सरदार पटेल अखंड भारत के निमार्ता थे, देश की आजादी में उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। सरदार पटेल ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मौके पर कनीय अभियंता राजीव कुमार, सत्यम कुमार, रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, छोटन पासवान, चंद्रशेखर मिश्रा, अयोध्या रंजक, सिराज अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 20 सूत्री उपाध्यक्ष समेत अन्य झामुमो में शामिल

**रमना।** कांग्रेस प्रखंड इकाई के कई सदस्यों ने झामुमो नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण कर लिया। झामुमो में शामिल होने वालों में 20सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, महिला जिला अध्यक्ष रागिनी देवी, सोनू सिंह,बहियार खुर्द बीडीसी सुजीत बैठा,संदीप कुमार,नीतेश पासवान,राजू पासवान,रविन्द्र पासवान,भोलू यादव,प्रमोद यादव,अर्जुन साह, सुरेश पासवान,प्रसाद उरांव,राजेश कुमार रजक,रूपेश कुमार,नंदू ठाकुर,कुसमी देवी,भृगुण पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों लोग झामुमो में अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के आस्था के साथ पार्टी में शामिल हुए है। मौके पर मुन्ना भाई,राजकरण राय,विजय प्रसाद,धनंजय साह सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार ने किया।

### पुलिस का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एएसआई सहित जवान घायल



**चिनियां।** पेट्रोलिंग के दौरान बीती रात करीब 10 बजे चिनियां पुलिस का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एएसआई नवीन कुमार राणा सहित पुलिस बल का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात एएसआई नवीन कुमार राणा पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग के लिए थाना क्षेत्र के चिनियां रणपुरा मुख्य सड़क से होते क्षेत्र भ्रमण के लिए जा रहे थे। इस बीच रानी चेरी गांव के करीवामाटी के समीप विपरीत दिशा से तेज गति मे आ रहे मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में पुलिस का वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया। वाहन पलटने से एएसआई नवीन कुमार राणा व एक पुलिस बल का जवान घायल गया है। सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व पुलिस जवान को उठाकर तुरंत एक चिनियां के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर के अनुसार दोनों घायल खतरे से बाहर हैं। दुर्घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है।

## एक नजर

### पति ने लगाया अवैध संबंध का आरोप, पत्नी ने महिला ने थाना में लगाई गुहार

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि वह महुआ शराब बेचकर अपनी जीविका चलाती है। 27 अक्टूबर की रात को डोमन डीह निवासी नितेश सिंह उसके घर शराब पीने आया और अधिक नशे के कारण वहीं सो गया। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने हंगामा किया, जिससे स्थिति बिगड़ गई। महिला का कहना है कि उसका पति, जो दूसरे प्रदेश में काम करता है, इस विवाद के बाद गांव वापस लौटा। ग्रामीणों के आरोपों के कारण उसके पति ने उसे नाजायज संबंध के आरोप में घर से बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा।

### गुमला के टेंसेरा डीपा में ट्रैक्टर पलटने से मजदूर गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर


**गुमला।** गुमला-सिमडेगा नेशनल हाईवे पर टेंसेरा डीपा के समीप एक दर्दनाक हादसे में कुटमा निवासी मंगरा झोरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शाम 7 बजे की है, जब मंगरा ट्रैक्टर में बांस लेकर गणेशपुर डिपा से लौट रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मंगरा उसके नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर गुमला थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल मंगरा को ट्रैक्टर के नीचे से निकालकर फौरन सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मंगरा की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। घटना में मंगरा के साथ ट्रैक्टर में सवार एक अन्य मजदूर को हल्की चोटें आई हैं।

### बाइक की चेन टूटने से गिरा युवक, रिम्स रेफर

**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र के कांबा टोली के समीप एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बसिया थाना क्षेत्र के बनई चौरी टोली निवासी मुकुल इंदवार बाइक पर कामडारा में ऑटो की बैटरी खरीदने जा रहे थे, जब अचानक उनकी बाइक का चैन टूटकर फंस गया। इसके कारण मुकुल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए, जिससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत कोनवीर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, सिर में गंभीर चोट लगने के चलते सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स भेज दिया। इस हादसे से क्षेत्र में सड़कों की सुरक्षा और वाहनों की तकनीकी देखरेख पर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, मुख्य सरगना निकला अस्सी प्रतिशत दिव्यांग

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया**



दीपावली का रिटर्न गिफ्ट देते हुए बसिया पुलिस ने विगत चालीस वर्षों से चल रहे एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश करते हुए एक बड़ा धमाका किया है। मामला बसिया थाना क्षेत्र के पंथा गांव का है जहाँ दूसरों के भरोसे जीवन यापन करने वाले एक दिव्यांग के द्वारा मिनी गन फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस संबंध में जानकारी देते हुए बसिया के एसडीपीओ नजीर अख्तर ने बताया कि पुलिस को यह सुचना मिली थी कि पंथा निवासी राजेंद्र लोहरा पिता देवी लोहरा के द्वारा अपने घर में अवैध देशी कट्टा का निर्माण करते हुए इसकी आपूर्ति की जाती है। इस सूचना पर बसिया के थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापती के नेतृव में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दल में शामिल पुलिस बल के द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या में दिव्यांग राजेंद्र लोहरा के घर की घेराबंदी करते हुए गहन छापेमारी की गई। इस छापेमारी में पुलिस तब हैरान रह गई जब एक विवश व लाचार दिव्यांग के घर से हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाली छः पीस 44सीएम की पाईप, नौ पीस 26 सीएम का स्टेनलेस स्टील का पाईप, दो पीस 15 सीएम का पाईप , 70 सीएम का लोहे का बैरल सहित बड़ी मात्रा में हथियार बनाने में लगने वाले कच्चे माल के अतिरिक्त एक अर्धनिर्मित देशी कट्टा, लोहा काटने वाली एक मशीन आदि बरामद किए गए। बताते चलें कि लगभग अस्सी प्रतिशत दिव्यांगता के शिकार एक व्यक्ति के घर से इतनी बड़ी मात्रा में असलहा बनाने का जुगाड़ बरामद किए जाने से पुलिस भी हैरान नजर आई। आज जब लोग दिपावली में पटाखे फोड़ने की तैयारी कर रहे थे तभी पुलिस ने इस मामले को सार्वजनिक कर दिया। यह खबर यहां जंगल की आग की तरह फैल गई क्योंकि इस मिनी गन फैक्ट्री का मुख्य सरगना एक अत्यंत दुर्बल व विवश सा दिव्यांग सामने खड़ा था और उसके घर में यह गोरखधंधा वर्षों से चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी दल में बसिया के थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापती,पुअनि संजय मुंडा,आरक्षी दिलीप होरो,आरक्षी पैकस किंडो,आरक्षी दिलीप कुमार प्रमाणिक,आरक्षी मांगू उरांव आदि शामिल थे। एसडीपीओ नजीर अख्तर ने यह जानकारी भी दी कि पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त से संबंधित विभिन्न स्त्रोतों की जांच में जुट गई है।

### पारंपरिक अनुष्ठानों के बीच दिपावली महोत्सव संपन्न

# मुर्गे की बलि चढ़ाकर की गई पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया**

बसिया और आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक अंदाज से दीपावली महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर यहां मूर्गे की बलि दिए जाने की परंपरा है और इस महोत्सव का यह मुख्य आकर्षण बनकर सामने आता है। ज्ञातव्य है कि दक्षिणी छोटानागपुर के इस अंचल में अपने ही अंदाज में दीपावली मनाने की परंपरा रही है। सरसरी तौर पर देखें तो दिपावली की रात का नजारा यहाँ भी सामान्य सा ही नजर आता है। यहाँ भी कच्ची दिपावली के नाम पर दीपोत्सव की पूर्व संध्या में कच्ची मिट्टी का दीया जलाने के साथ साथ दिपावली के अवसर पर टिमटिमाते दियों का श्रृंखला ठीक वैसा ही होता है जैसी कि देश के अन्य भागों में देखने को मिलता है। इतना ही नहीं, यहाँ भी बिजली संचालित लड़ियों के साथ साथ पटाखों की तड़तड़ाहट सामान्य ही नजर आता है परन्तु दिलचस्प तौर पर दिपावली के



ठीक दूसरे दिन मूर्गे की बलि का आकर्षण इस महोत्सव के केन्द्र में होता है। इस वर्ष भी तमाम महंगाई व प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अनुष्ठानों के प्रति आग्रह में कोई कमी नहीं देखी गई। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र विशेष में प्रतिपदा के लगते ही यहां की बहुसंख्यक आबादी के द्वारा न केवल गोशाला में अपने इस्ट का आह्वान करते हुए मूर्गे की बलि दी जाती है बल्कि गोहार में ही मूर्गे को पकाने व प्रसाद पाने की परंपरा का निर्वाह किया जाता है। गौरतलब है कि यहाँ मूर्गे के चयन का विशेष ख्याल रखा जाता है।

### छठ पर्व की तैयारी में जुटे गुमला के लोग, सफाई में लापरवाही से लोगों में बढ़ा आक्रोश

**गुमला।** दिवाली का पर्व समाप्त होते ही, गुमला जिले में लोग छठ पर्व की तैयारियों में तेजी से जुट गए हैं। छठ पूजा, जो कि सूर्य देवता और गंगा माता की आराधना का महत्वपूर्ण पर्व है, यहां हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान श्रद्धालु सूर्य के उदय और अस्त होने के समय व्रत रखते हैं और तालाबों या नदियों के किनारे जाकर छठ घाटों पर पूजा करते हैं। लेकिन इस बार, स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है, क्योंकि अब तक किसी भी तालाब या छठ घाट की सफाई नहीं की गई है। गुमला जिले में छठ पूजा को लेकर लोगों में गहरी आस्था है, और यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस पर्व को मनाते हैं। ऐसे में, भाजपा नेत्री शैली मिश्रा ने प्रशासन से गंभीरता से कार्य करने की मांग की है। उन्होंने कहा, छठ पर्व के लिए घाटों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर होना चाहिए। प्रशासन को सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### भाजपा प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव ने चुनाव कार्यालयों का किया उद्घाटन



**सिसई ( गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुसो मंडल के छारदा और पुसो में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव ने अपने समर्थकों के साथ चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूजा अर्चना एवं फीता काट कर किया। एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अपनी उपलब्धियां गिनाई और उन्होंने कहा कि सिसई की जनता पिछली सरकार और विधायक से त्रस्त हो गयी है। पिछले पांच वर्षों में सिसई विधानसभा क्षेत्रों में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ है, आदिवासी मुलवासी को सिर्फ ठगने का काम किया गया है। युवाओं को रोजगार देने की बात करके कोई रोजगार नहीं दिया है। इस सरकार में सिर्फ भ्रस्टाचार और अपराध बढ़ी है। सिसई की पिछली विधायक केवल बालू का अवैध रूप से कारोबार करते आई है एवं भ्रस्टाचार में लिप्त रही है,यहां के जनता को भी अपना मकान बनाने के लिए अधिक कीमत देकर बालू खरीदना पड़ता है। सरकारी विभाग में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता है।

### बदहाल सड़क पर साइकिल चालक गिरकर हुआ घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के करंज मोड़ के समीप गुरुवार शाम को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें कोल पारा घट्टा निवासी 20 वर्षीय सुखराम लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब वह साइकिल से अनियंत्रित होकर मुंह के बल सड़क पर गिर पड़ा। बताया गया है कि सुखराम सोसो मोड़ से पैसे निकालने के बाद लौट रहा था और करंज मोड़ के पास सड़क पर पत्थरों और गड्ढों की वजह से हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद वह बेहोश हो गया और उसे शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल के एक साथी ने बताया कि सड़क पर स्थित गड्ढों के कारण यह दुर्घटना हुई है। डूमरडांड गांव में अलकतरा प्लांट स्थापित होने के कारण रोजाना दर्जनों हाईवा वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है।

# जुए को रोकना प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**



दीपावली का त्योहार गुमला में न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि इस दौरान जुए के कारोबार का भी एक बड़ा केंद्र बन जाता है। दिवाली से लेकर छठ तक, यहां करोड़ों रुपए का जुआ खेला जाता है। यह एक ऐसा मामला है जिसने न केवल स्थानीय निवासियों को प्रभावित किया है, बल्कि कई परिवारों को आर्थिक संकट में डाल दिया है। हर वर्ष दीपावली के दौरान जुए का यह खेल परंपरा के नाम पर खेला जाता है। लोग इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ आनंद लेने के रूप में देखते हैं, लेकिन यह आनंद धीरे-धीरे एक गंभीर समस्या में बदल रहा है। कुछ लोग इस खेल में अपनी सारी बचत खो देते हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है। दूसरी ओर, कुछ जुआरी इस धंधे से भारी लाभ अर्जित करते हैं, जो सामाजिक असमानता को बढ़ा रहा है। जुए की इस प्रवृत्ति के चलते कई परिवार कंगाल हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब किसी के पास पैसे नहीं होते, तो वह अक्सर अपने परिवार के सदस्यों से विवाद में पड़ जाता है। यह स्थिति धीरे-धीरे हिंसा की ओर भी बढ़ रही है। कई मामलों में जुए के कारण परिवारों के बीच तनाव और आपसी कलह के मामले सामने आए हैं। गुमला प्रशासन ने इस समस्या पर काबू पाने के लिए कई बार कार्रवाई की है। पुलिस ने जुआ खेलते हुए लोगों पर छापेमारी की है और कई जुआरों को गिरफ्तार भी किया है। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद जुए का कारोबार जारी है।

### परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज, चैनपुर में एकता दिवस का आयोजन

**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को एकता और अखंडता के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने सरदार पटेल के योगदान के बारे में छात्रों को बताया साथ ही सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी और छात्रों को राष्ट्रीय एकता में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सभी स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल पुलिस ने संभाला मोर्चा

**गुमला।** गुमला जिले के बायपास रोड पर तर्री जंगल के पास एक ट्रेलर हादसे का शिकार हो गया, जिसमें ट्रेलर चालक को हल्की चोटें आईं। ट्रेलर का चालक, अब्दुल बारी, जमशेदपुर निवासी है और इस हादसे में बच निकला। हालांकि, ट्रेलर की टंकी को गंभीर क्षति पहुंची, जिसके चलते तेल का रिसाव शुरू हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब्दुल बारी खुला ट्रेलर लेकर टाटा से इंदौर जा रहा था। यात्रा के दौरान अचानक झपकी आने के कारण ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया पर बने पिलर से टकरा गया। घटना में ट्रेलर के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा, जबकि चालक को हल्की चोटें लगीं। घटना की सूचना मिलते ही गुमला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को दोपहर लगभग 4:00 बजे क्रेन की सहायता से सुरक्षित नीचे उतारा गया।

### मां और बेटी की कुएं में गिरकर डूबने से मौत, पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजा

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के क्षेत्र के चितरपुर गांव में एक महिला बसंती देवी उम्र 23 वर्ष व उसकी एक वर्ष की छोटी बच्ची गौरी कुमारी की शुक्रवार को करीब 10 बजे कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई।सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, एसई अरुण सिंह दलबल के साथ पहुंचकर छानबीन में जुट गई और शव को कब्जा में लेकर पंचनामा करते हुए। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।मौके पर मृतक महिला के पति सुरेन्द्र लोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित बैगा कुआं में पानी भरने गई थी। जिस दौरान बच्ची को कपड़ा से पीछे बंधी हुई थी और इसी दौरान पैर फिसल जाने की वजह से कुआं में जा गिरी जिसके बाद सूचना पर परिजन व ग्रामीण पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला।लेकिन तब तक मां-बच्ची दोनों की मौत हो चुकी थी।वहीं इस घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है।

### भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत ने फीता काट कर कार्यालय का किया उद्घाटन

# भाजपा सरकार बनी तो क्षेत्र की जनता को योजनाओं का मिलेगा लाभ : सुदर्शन भगत




**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर भाजपा मण्डल में मेन रोड के दुर्गा मंदिर समीप को भारतीय जनता पार्टी का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया ।कार्यालय का उद्घाटन भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत के द्वारा पूजा अर्चना तत्पश्चात फीता काटकर किया।भाजपा के पदाधिकारियों और दूर दराज से आए कार्यकर्ताओं ने मुंह मीठा कर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की बात कही जिसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव संबधी विचार विमर्श क्या। वहीं पत्रकारों से बातचीत कर भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत ने बताया कि इस चुनाव में भाजपा का मुद्दा पांच प्राण का है जिसमें पहले लक्ष्मी जोहर योजना दूसरा गोगो दीदी योजना इस तरह के कई योजनाओं के साथ बालू फ्री, स्वच्छ पानी, फ्री करेंगे। इस चुनाव में क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह,भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष देवेंद्र लालू उरांव, मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक,मधु साहू, प्रदीप केसरी, मनोहर बड़ाइक,नीरज शर्मा, उमेश वर्मा, विनोद जायसवाल, विनय केसरी, विनोद केसरी,शशि भूषण सिंह, अजय सिंह, आजसू मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, दिलबाग कुमार, चंद्र किरण देवी, संगीता देवी, इला देवी हित काफी संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गुमला के प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष स्नेह निमंत्रण

# आगामी विधानसभा चुनाव में भागीदारी के लिए प्रेरणा

**नवीन मेल संवाददाता, गुमला।**



जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने जिले से बाहर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों को विधानसभा चुनाव में भाग लेने के लिए विशेष पहल की है। 13 नवम्बर को झारखंड विधानसभा चुनाव का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें गुमला जिले से बाहर रह रहे करीब 15,000 प्रवासी मजदूरों को उनके घर लौटने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने का स्नेह निमंत्रण दिया गया है।

इस उद्देश्य से जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न माध्यमों से इन मजदूरों से संपर्क साधा जा रहा है। जिला स्वीप कोषांग ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उन प्रवासी मजदूरों से संपर्क करें जो विभिन्न राज्यों में रहकर अपने परिवारों के आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं। बीएलओ और जिला कर्मी उनके परिजनों के माध्यम से और सोशल मीडिया, विशेषकर व्हाट्सऐप, का उपयोग कर प्रवासी मजदूरों को मतदान की जानकारी दे रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए घर लौटें और चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। गुमला के उपायुक्त ने प्रवासी मजदूरों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर को न चूकें और अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करें। उनकी अपील में कहा गया है, प्रिय प्रवासी श्रमिकों, आपका एक वोट जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। 13 नवम्बर को होने वाले इस महापर्व में शामिल हों और अपनी भागीदारी से लोकतंत्र को मजबूत करें।

आपका एक वोट समाज में बदलाव लाने की ताकत रखता है। जिला प्रशासन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई अन्य गतिविधियों का भी आयोजन कर रहा है। नुक्कड़ नाटकों, रैलियों, और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से प्रवासी मजदूरों को चुनाव के महत्व से अवगत कराया जा रहा है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला घायल, आरोपी बाइक सवार फरार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला शहर के जशपुर रोड स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पास गुरुवार की शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। मुरली बगीचा की निवासी एक महिला, जो दिया जलाने के लिए तेल खरीदने दुकान जा रही थी, को सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, और बाइक सवार बिना रुके तेजी से शहर की ओर फरार हो गया। स्थानीय राहगीरों ने घायल महिला को सड़क पर पड़ा देखा और तत्काल उसे उठाकर गुमला के सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। महिला के सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति अभी चिंताजनक बनी हुई है, और उसे विशेष देखरेख में रखा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय महिला सड़क पार कर रही थी और उसी दौरान करौंदी की ओर से तेज गति से आ रही बाइक ने उसे चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे बाइक सवार की पहचान और गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है और फरार बाइक सवार को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail id:- dy.eolatehar1@gmail.com

–::आदेश::–

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं उत्कर्ष गुप्ता (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार विधान सभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त दिनांक10.11.2024 से मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार को विभिन्न प्रयोजनार्थ कैम्पस/उपस्कर सहित अधिग्रहण करता हूँ।

अत: प्रधानाध्यापक, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार को आदेशित करता हूँ कि वे अधिग्रहित भवन को चुनाव कार्य हेतु उपरांकित अवधि के लिए जिला प्रशासन, लातेहार को (उपस्कर सहित) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339761 (Election)24-25*D



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार
(Postal Ballot & EDC कोषांग)

आम सूचना

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधान तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में आवश्यक सेवाओं में संलग्न अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं का विधानसभा आमचुनाव 2024 में पोस्टल बैलेट के द्वारा पोस्टल वोटिंग सेंटर (Postal Voting Centre) के माध्यम से मतदान कराया जाना है। उक्त मतदान हेतु लातेहार जिलान्तर्गत स्थापित होने वाले पोस्टल वोटिंग सेंटर (Postal Voting Centre) एवं मतदान की तिथि का चरणवार विवरणी निम्नवत हैः–

| क्र0 | पोस्टल वोटिंग सेंटर (Postal Voting Centre) पता | चरणवार मतदान की तिथि | विधानसभा क्षेत्र का नाम | मतदान का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समाहरणालय, लातेहार का प्रतिक्षालय (प्रथम तल, उपायुक्त कार्यालय के बगल में) | 1st चरण–8 नवम्बर 2024 से 10 नवम्बर 2024 तक | प्रथम चरण के सभी विधानसभा | पू० 09.00 बजे से अप० 05.00 बजे तक |
| | | 2nd चरण–14 नवम्बर 2024 से 16 नवम्बर 2024 तक | द्वितीय चरण के सभी विधानसभा | |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339759 Election (24-25)_D



कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू
(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

75–पांकी/76–डालटनगंज/77–विश्रामपुर/78–छत्तरपुर एवं 79–हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officer)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officer)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officer)/ सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officer) का तृतीय चरण (3rd Phase) का Party wise प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित है :–

| क्र0 | प्रशिक्षण स्थल | प्रशिक्षण की तिथि | समय | मतदान पदाधिकारी की विवरणी | कमरा संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जी0एल0ए0 कॉलेज, डालटनगंज (नया भवन के ब्लॉक 'ए0') | 03.11.2024 से 06.11.2024 तक | 10:00 am To 06:00 pm | पीठासीन/ प्रथम /द्वितीय/तृतीय मतदान पदाधिकारी | 1 से 19 तक |
| 2 | नीलाम्बर–पीताम्बर, विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक पार्ट–3 (जी0एल0ए0 कॉलेज परिसर) डालटनगंज | 03.11.2024 से 06.11.2024 तक | 10:00 am To 06:00 pm | पीठासीन/ प्रथम /द्वितीय/तृतीय मतदान पदाधिकारी | 1 से 33 तक |

अतएव सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officer)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officer)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officer)/ सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officer) निर्धारित तिथि को ससमय प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officer)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officer)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officer)/ सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officer) के विरूद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

(मो0 शब्बीर अहमद)
नोडल पदाधिकारी,
प्रशिक्षण कोषांग –सह–
उप विकास आयुक्त, पलामू

PR 339780 (District)24-25*D

